
दैनिक प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 04
अंकः- 131
मुरादाबाद
(Sunday)
01 September 2024
पृष्ठः- 8
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र- बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ़, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ़ और उत्तराखंड

## 'महिलाओं के खिलाफ अत्याचार के मामलों में जितनी तेजी से न्याय मिलेगा, उतनी जल्दी...', बोले PM मोदी



कानून और न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि इस अवसर पर उच्चतम न्यायालय अपने स्थापना के 75 वर्ष मना रहा है और देश संविधान लागू होने के 75 वर्ष मना रहा है। ये बहुत ही सुखद संयोग है।भारत के सर्वोच्च न्यायालय का जिला न्यायपालिका का छह सत्रों वाला दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन शनिवार से शुरू हुआ। इसके उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने टिकट और सिक्के का अनावरण किया। महिलाओं खिलाफ अपराध और बच्चों की सुरक्षा पर भी उन्होंने प्रतिक्रिया दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचार के मामलों में जितनी तेजी से न्याय मिलेगा, उतनी जल्दी आधी आबादी को सुरक्षा का भरोसा मिलेगा। पीएम मोदी के साथ केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल भी इस समारोह का हिस्सा बनें।भारत के सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में पीएम मोदी ने भी समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 卐सुप्रीम कोर्ट के 75 वर्ष, ये केवल एक संस्था की यात्रा नहीं है। ये यात्रा है, भारत के संविधान और संवैधानिक मूल्यों की। ये यात्रा है, एक लोकतंत्र के रूप में भारत के और परिपक्व होने की। उन्होंने आगे कहा, भारत के लोगों ने कभी सुप्रीम कोर्ट पर, हमारी न्यायपालिका पर अविश्वास नहीं किया। इसलिए, सुप्रीम कोर्ट के ये 75 वर्ष, मदर ऑफ डेमोक्रेसी के रूप में भारत के गौरव को और बढ़ाते हैं। आजादी के अमृतकाल में 140 करोड़ देशवासियों का एक ही सपना है- विकसित भारत, नया भारत। नया भारत, यानी - सोच और संकल्प से एक आधुनिक भारत। हमारी न्यायपालिका इस विजन का एक मजबूत स्तम्भ है। प्रधानमंत्री ने कहा, न्याय में देरी को खत्म करने के लिए बीते एक दशक में कई स्तर पर काम हुए हैं। पिछले 10 वर्षों में देश ने न्यायिक संरचना के विकास के लिए लगभग 8 हजार करोड़ रुपए खर्च किए हैं। पिछले 25 साल में जितनी राशि न्यायिक संरचना पर खर्च की गई, उसका 75 प्रतिशत पिछले 10 वर्षों में ही हुआ है। भारतीय न्याय संहिता के रूप में हमें नया भारतीय न्याय विधान मिला है। इन कानूनों की भावना है- नागरिक पहले, गरिमा पहले और न्याय पहले. हमारे आपराधिक कानून शासक और गुलाम वाली औपनिवेशिक सोच से आजाद हुए हैं। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर भी पीएम मोदी ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, आज महिलाओं के खिलाफ अत्याचार, बच्चों की सुरक्षा, समाज की गंभीर चिंता है। देश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई कठोर कानून बने हैं, लेकिन हमें इसे और सक्रिय करने की जरूरत है। महिला अत्याचार से जुड़े मामलों में जितनी तेजी से फैसले आएंगे, आधी आबादी को सुरक्षा का उतना ही बड़ा भरोसा मिलेगा। कपिल सिब्बल और अर्जुन मेघवाल ने किया समारोह को संबोधित - सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल सिब्बल ने इस समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा, भारत में आबादी के अनुपात में जजों की संख्या बहुत कम है। जिला एवं सत्र स्तर पर रोस्टर पर बहुत अधिक बोझ है। उन्होंने आगे कहा, हमारे ट्रायल कोर्ट, जिला और सत्र न्यायालय को बिना किसी भय के न्याय देने के लिए सशक्त बनाने की आवश्यकता है। न्यायपालिका में यह विश्वास पैदा किया जाना चाहिए कि उनके फैसले उनके खिलाफ नहीं होंगे। वे न्यायप्रणाली की रीढ़ की हड्डी हैं। मैंने अपने करियर में शायद ही उस स्तर पर जमानत मिलते देखी हो। यह केवल मेरा अनुभव नहीं बल्कि मुख्य न्यायाधीश ने भी ऐसा इसलिए कहा क्योंकि शीर्ष अदालतों पर बोझ हैं। निचली अदालत में जमानत एक अपवाद है। स्वतंत्रता एक संपन्न लोकतंत्र का मूलभूत आधार है। इसका गला घोंटने का प्रयास हमारे लोकतंत्र पर प्रभाव डालता है। कानून और न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा, इस अवसर पर उच्चतम न्यायालय अपने स्थापना के 75 वर्ष मना रहा है और देश संविधान लागू होने के 75 वर्ष मना रहा है। ये बहुत ही सुखद संयोग है। मुझे इस अवसर में शामिल होकर अत्यंत गर्व व हर्ष की अनुभूति हो रही है। मेरा ये मानना है कि जिला न्यायालय हमारी न्यायपालिका का दर्पण है आम जनता अपने मन में न्यायपालिका की छवि का निर्माण करती है। ये चारो ओर एक सकारात्मक वातावरण का निर्माण करते हैं जो कि प्रत्येक कार्य के लिए जरूरी है। हमारे लिए गर्व का विषय है कि सरकार द्वारा न्यायपालिका के साथ कंधे से कंधा मिलाकर पिछले एक दशक में ईज ऑफ लिविंग के साथ-साथ ईज ऑफ जस्टिस को बढ़ावा देने के लिए सार्थक प्रयास किए गए जिसका प्रणाम हमें देखने को मिल रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### गिरिराज सिंह बोले- राहुल, अखिलेश और तेजस्वी की सरकार बनी तो भारत को पाकिस्तान-बांग्लादेश बना देंगे

गिरिराज सिंह ने कहा कि तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव ओर राहुल गांधी मुस्लिम वोट बैंक के ठेकेदार हैं। इनकी सरकार आई तो बिहार और उत्तर प्रदेश में शुक्रवार को छुट्टी का दिन घोषित कर देंगे।केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के फायर ब्रांड नेता गिरिराज सिंह ने इंडिया गठबंधन पर फिर से हमला बोला है। बेगूसराय में उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बड़ा बयान दे दिया है। गिरिराज सिंह ने कहा कि तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव ओर राहुल गांधी मुस्लिम वोट बैंक के ठेकेदार हैं। इनकी सरकार आई तो बिहार और उत्तर प्रदेश में शुक्रवार को छुट्टी का दिन घोषित कर देंगे। अगर देश में राहुल गांधी, अखिलेश यादव एवं तेजस्वी यादव की सरकार बनती है तो यह लोग भारत को पाकिस्तान और बांग्लादेश बना देंगे। मुसलमानों का संरक्षण करते हैं यह लोग- उन्होंने हिंदुओं का पक्ष रखते हुए कहा कि किसी हिंदू ने तो कभी यह नहीं कहा कि मंगलवार को हनुमान जी की सोमवार को महादेव या अन्य दिनों अन्य देवी देवताओं की पूजा होती है तो उन्हें छुट्टी दिया जाए। तेजस्वी यादव, राहुल गांधी एवं अखिलेश यादव जैसे लोग मुसलमान का संरक्षण ही नहीं करते बल्कि उनकी कहीं बातों पर अमल भी कर रहे हैं। भारत में एक देश और एक कानून ही चलेगा- केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत में एक देश और एक कानून ही चलेगा।

## रायबरेली का पिछवरिया कांड: शासन ने उन्नाव सीओ को सौंपी जांच, सांसद राहुल गांधी ने लिखा था पत्र




रायबरेली के पिछवरिया में एक युवक की हत्या के मामले में उन्नाव के सीओ को जांच सौंप दी गई है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बीते दिनों पीड़ित परिवार से मुलाकात की थी और शासन को पत्र लिखा था। रायबरेली नसीराबाद के पिछवरिया गांव में 11 अगस्त को युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले ने जिले के साथ प्रदेश की सियासत को भी गर्म कर दिया है। सपा और कांग्रेस मिलकर सरकार को कानून व्यवस्था के मुद्दे पर घेर रही हैं। वहीं, नेता प्रतिपक्ष और सांसद राहुल गांधी ने 20 अगस्त को गांव का दौरा कर पीड़ित परिवार से मुलाकात की थी और फिर मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के साथ मामले की जांच को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र भेजा था।इस पर शासन ने उन्नाव सीओ को जांच के निर्देश दिए हैं। वहीं, एसपी ने नसीराबाद थानाध्यक्ष को निलंबित कर दिया है। 11 अगस्त की रात को अर्जुन पासी की घर के बाहर बुलाकर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में सात आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। छह आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया लेकिन ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विशाल सिंह की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। मृतक युवक की मां ने विशाल सिंह की संलिप्तता की बात कही थी। मामले को लेकर 17 अगस्त को सपा और 18 अगस्त को कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल गांव पहुंचा था और पीड़ित परिवार से मुलाकात की थी। इसके बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने रिपोर्ट नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को दी जिस पर 20 अगस्त को राहुल गांधी ने गांव का दौरा कर पीड़ित परिवार से 17 मिनट बात की थी। साफ कहा था कि अन्याय हुआ है और एसपी मास्टरमाइंड को गिरफ्तार नहीं कर सके हैं। उन्होंने इस पर डीएम हर्षिता माथुर और एसपी अभिषेक अग्रवाल को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए थे। यह मामला इस समय उपचुनाव के चलते खासा गर्म है। उधर, मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर सांसद राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा। दो दिन पहले लखनऊ में मुख्यमंत्री कार्यालय पर विधायक आराधना मिश्रा, अमेठी सांसद केएल शर्मा, कांग्रेस के पूर्व सांसद पीएल पुनिया, राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी मुख्यमंत्री से मिलने गए थे लेकिन मुख्यमंत्री से मुलाकात नहीं हो सकी थी। इस पर अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार को सांसद राहुल गांधी का मुख्यमंत्री को संबोधित पत्र सौंपा गया था। इस पर शासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पहले एसपी अभिषेक अग्रवाल ने नसीराबाद थानाध्यक्ष जितेंद्र मोहन सरोज को निलंबित कर दिया तो वहीं उन्नाव सीओ को मामले की जांच के निर्देश दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी।

## जिला न्यायपालिका कानून के शासन का महत्वपूर्ण घटक और न्यायतंत्र की रीढ़, बोले सीजेआइ



सीजेआई ने कहा कि कानूनी प्रणाली की रीढ़ को बनाए रखने के लिए हमें जिला न्यायपालिका को अधीनस्थ न्यायपालिका कहना बंद करना चाहिए। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को जिला न्यायपालिका को न्यायतंत्र की रीढ़ बताया। उन्होंने कहा कि यह कानून के शासन का एक महत्वपूर्ण घटक है।प्रधान न्यायाधीश ने जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिला न्यायपालिका को अधीनस्थ कहना बंद करना जरूरी है। न्याय की तलाश में निकले नागरिक के लिए जिला न्यायपालिका पहला संपर्क बिंदु है। जिला न्यायपालिका कानून के शासन का एक महत्वपूर्ण घटक है। उन्होंने आगे कहा कि कार्य की गुणवत्ता तथा वे परिस्थितियां जिनमें न्यायपालिका नागरिकों को न्याय दिलाती है, यह निर्धारित करती हैं कि उनका न्यायिक प्रणाली में विश्वास है या नहीं। सीजेआई ने कहा कि इसलिए जिला न्यायपालिका से जबरदस्त जिम्मेदारी निभाने की अपेक्षा की जाती है और इसे न्यायपालिका की रीढ़ कहना उचित ही है। रीढ़ तंत्रिका तंत्र का मूल है। उन्होंने आगे कहा कि कानूनी प्रणाली की रीढ़ को बनाए रखने के लिए हमें जिला न्यायपालिका को अधीनस्थ न्यायपालिका कहना बंद करना चाहिए। आजादी के 75 साल बाद अब समय आ गया है कि हम अंग्रेजों के जमाने की औपनिवेशिक और पराधीनता की मानसिकता को समाप्त कर दें। 46.48 करोड़ पन्नों को स्कैन किया- प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने आगे कहा कि साल 2023-2024 में अदालत के रिकॉर्ड के 46.48 करोड़ पन्नों को स्कैन या डिजिटाइज किया गया है। उन्होंने कहा, %राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के संयोजन के साथ ई-समिति द्वारा प्रबंधित राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिड, न केवल वकीलों के लिए बल्कि नागरिकों के लिए भी आंकड़े की खान है।%वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 2.3 करोड़ मामलों की सुनवाई- न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि ई-अदालत परियोजना 3,500 से अधिक अदालत परिसरों और 22,000 से अधिक अदालत कक्षों के कंप्यूटरीकरण के लिए भी जिम्मेदार है। अलावा, जिला न्यायपालिका ने दिन-प्रतिदिन के मामलों में प्रौद्योगिकी को तैनात करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। देश में जिला अदालतों ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 2.3 करोड़ मामलों की सुनवाई की है।

## मेरठ-लखनऊ समेत तीन वंदेभारत ट्रेनों को हरी झंडी, पीएम बोले- हाई-स्पीड ट्रेनों से सपनों का विस्तार



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरठ-लखनऊ वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मौजूद मेरठ सांसद अरुण गोविल ने कहा कि आज का दिन बहुत ऐतिहासिक है। आज मेरठ को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेलमंत्री द्वारा इतना अच्छा तोहफा मिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरठ-लखनऊ वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मौजूद मेरठ सांसद अरुण गोविल ने कहा कि आज का दिन बहुत ऐतिहासिक है। आज मेरठ को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेलमंत्री द्वारा इतना अच्छा तोहफा मिला है।% प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मेरठ-लखनऊ, मदुरै-बंगलूरू और चेन्नई-नागरकोइल वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई।अपने वर्चुअल संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि आज उत्तर से दक्षिण तक देश की विकास यात्रा में एक और अध्याय जुड़ रहा है। आज से मदुरै - बेंगलुरु , चेन्नई - नागरकोइल और मेरठ - लखनऊ के बीच वंदे भारत ट्रेनों की सेवा शुरू हो रही है। वंदे भारत ट्रेनों का ये विस्तार, ये रफ्तार हमारा देश विकसित भारत की ओर कदम दर कदम बढ़ रहा है। आज जो तीन वंदे भारत ट्रेनें शुरू हुई हैं इससे देश के महत्वपूर्ण शहर और ऐतिहासिक जगहों को कनेक्टिविटी मिली है। ये ट्रेनें तीर्थयात्रियों के लिए सुविधा देगी और इससे छात्रों, किसानों, आईटी के लोगों को बहुत लाभ होगा। जहां वंदे भारत की सुविधा पहुंच रही है वहां पर्यटकों की संख्या भी बढ़ रही है। मेरठ में वंदे भारत को लेकर प्रधानमंत्री ने कहा कि, आज मेरठ-लखनऊ रूट पर वंदे भारत ट्रेन के जरिए यूपी और खासकर पश्चिमी यूपी के लोगों को भी खुशखबरी मिली है। मेरठ और पश्चिमी यूपी क्रांति की धरती है। आज यह क्षेत्र विकास के नई क्रांति का साक्षी बन रहा है। वंदे भारत आधुनिक होती भारतीय रेलवे का नया चेहरा है। आज शहर में, हर रूट पर वंदे भारत की मांग है। हाई-स्पीड ट्रेनों के आने से लोगों में अपने व्यापार और रोजगार को, अपने सपनों को विस्तार देने का भरोसा जगता है। आज देशभर में 102 वंदे भारत रेलवे सेवाएं संचालन हो रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आ सके हैं। बीते वर्षों में रेलवे ने अपनी मेहनत से दशकों पुरानी समस्याओं के समाधान की उम्मीद जगाई है, लेकिन हमें अभी इस दिशा में बहुत लंबा सफर तय करना है। हम तब तक नहीं रुकेंगे, जब तक भारतीय रेल गरीब, मध्यम वर्ग सभी के लिए सुखद यात्रा की गारंटी नहीं बन जाए।


## संपादकीय Editorial

### 'Bail' constitutional rule

The judges of the Supreme Court have been commenting in many contexts that in judicial theory, jail is the 'exception' and bail is the 'rule'. This principle also applies to cases registered under the Prevention of Money Laundering Act. Lower courts should also keep this in mind and should not hesitate in granting bail. The judicial bench of the Supreme Court has granted bail to the accused in the case of 'Prem Prakash vs Enforcement Directorate'. The case was of money laundering. It is worth noting that in the Delhi liquor policy scam, former Deputy Chief Minister Manish Sisodia and 'Bharat Rashtra Samiti' leader K. Kavita have also been released on bail by the Supreme Court. However, Sisodia had to spend about one and a half years and Kavita five months in jail, while the current Chief Minister of Delhi Arvind Kejriwal is still in jail in the same case. The formal trial of the case has not started yet. The Enforcement Directorate (ED) has completed its investigation and filed the chargesheet in the court, while the CBI investigation is still going on. Behind the judicial principle of 'jail-bail', the judges of the Supreme Court have been arguing about the fundamental and constitutional right of the average person to freedom that keeping a person in jail for a long time merely for investigation and interrogation is unjust. The provision of bail is also a constitutional rule. The two judges who are in line to become the Chief Justice of India have given their verdict on the principle of 'jail versus bail'. For some time now, there has been a change in the mindset and thinking of the Supreme Court regarding 'bail'. This is definitely a welcome decision, because it is humane. This change was expected and timeless and there was a demand through discussions on many forums that bail should be a priority. One important reason has also been that more prisoners are being imprisoned than the number of jails in the country and the capacity of prisoners in them. The accused in custody are also being imprisoned, so irregularities and anomalies are constantly emerging. About two years ago, in the case of 'Vijay Madanlal Chaudhary vs. Union of India', the Supreme Court had declared the extremely stringent provisions of the Prevention of Money Laundering Act as 'correct'. The court had given that verdict in view of complaints and arguments that the government has increased the misuse of ED against political opponents. The fear and complaints of misuse were dismissed, so that judicial verdict is still the 'law of the country'. This legal verdict is in complete contradiction to the principle that is being discussed today. Still, interpretations and efforts are being made at the level of the apex court itself that bail should be given priority over jail. In July, while granting bail to Kejriwal in the context of the liquor scam, the Supreme Court judges had questioned the extensive powers of the ED, under which the agency has been making arrests. Despite bail, Kejriwal is in jail in the CBI case. Although that case has also been handed over to a larger judicial bench, the bench of the court had commented that the ED believes in itself and arrests anyone on that basis. It considers the person to be the accused. Before arresting anyone, it should be given in writing that the agency wants to arrest you on such and such grounds. On the basis of that written record, the accused can challenge that alleged illegal arrest in the court. These safeguards are necessary in the law, because getting bail in money laundering cases has been made almost impossible. In recent bail cases, judges have given verdicts rising above the narrowness of the law. These are also very challenging tasks. In some contexts, the Supreme Court has established a rule that if the accused has served even half of the maximum period of the crime in jail, he should be released on bail.

# Integrated Pension Scheme: Dignified life is the right of the elderly.. Much remains to be done to help senior citizens

The Central Government has approved the Integrated Pension Scheme. Even before this, the Government of India has taken many steps to help the elderly. But still a lot remains to be done for them. The Union Cabinet has approved the Integrated Pension Scheme for more than 23 lakh employees of the Central Government, which ensures pension of 50 percent of the average basic salary of the last 12 months before retirement for a minimum service of 25 years. This scheme also has its supporters and opponents. Although our country remains a young country with an average age of 28 years, the population of the elderly is increasing. At present, the population of elderly people of 60 years or more in the country is 15.3 crores, which is estimated to increase to 34.7 crores by the year 2050. These are not mere figures, but it can have far-reaching consequences in a country like ours, where most people work in the unorganized sector. Andrea Wojnar, India Chief of the UN Population Fund, commented in a national newspaper last year that the country has witnessed a massive loss of financial security, with 40 per cent of the elderly living in the extreme poverty category, while nearly 20 per cent of the population has no income. There has been a rapid disintegration of joint families, which earlier provided financial and emotional support to the elderly. The Indian government has taken positive steps with its visionary and inclusive policies, programmes and schemes such as the National Programme for Health Care of the Elderly (NPHCE), the National Social Assistance Programme (NSAP), the Maintenance and Welfare of Senior Citizens Act, 2007 and (Amendment) Bill, the Atal Vayo Abhyudaya Yojana (AVYAY), and a national helpline for the elderly – Elderline, etc. The Indian economy has grown tenfold since the 1990s and is expected to become the world's third largest economy by 2027. A large part of this additional wealth will be generated by those who are currently working and those who will become senior citizens by 2050. As we grow older, not only do we need money to pay for daily needs, but healthcare costs also increase. Not everyone in India is entitled to a pension or free healthcare. India needs specialized healthcare for the special needs of the elderly population. Not only do we need to foster relationships between seniors and younger people, but we should also make the elderly feel that they are not worthless. I like the idea of ??investing in the 'silver economy' (economic activities catering to the needs of people above 50 years of age). This is a fast-growing sector that includes many sectors such as insurance, pensions and banking and investments, and travel and tourism, which specifically target elderly people who have substantial savings and assets. The silver economy should not be just for the affluent elderly. Clearly, India needs to start a national discussion about its senior citizens who have contributed so much to national development and who now deserve a dignified life, good health and a good mindset.



# Reservation: Miss India controversy is another move on political chessboard, Congress allies may feel insecure in future

The Miss India controversy is another move on political chessboard, so that Dalits, tribals and OBCs are mobilized in favor of Congress. But OBCs have been the vote bank of SP and RJD, not of Congress, who are allies of Congress today, who may feel threatened by this politics in the future. Rahul Gandhi draws people's attention with his words. Whatever he says becomes news. You will find that many politicians sometimes privately admit that they have moved ahead due to controversies, because controversies keep them in the news! Recently, a controversy erupted over a statement given by Rahul in the Constitution Conference in Prayagraj, in which he said that he searched the list of Miss India to find out whether there were Dalit, tribal or OBC women in it or not. There was not even one in that list. His statement was interpreted to mean that he was in favor of reservation even among the participants of Miss India. When women and political parties joined the debate, some of them said that reservation in the Miss India contest is necessary, while some opposed it. But this debate has once again brought Rahul to the center of Dalit and OBC politics, which he now wants to lead. Very few people will question that women of all castes and communities have the right to participate in a contest like Miss India, and that there should be equal opportunity for all women in it. Then the question arises, what is the scope of reservation in society? At present, there is reservation for SC, ST and OBC in government jobs and higher education institutions and reservation for SC and ST in legislatures. From time to time, there is a demand that reservation should be implemented in the private sector as well. By advocating reservation in the Miss India contest, Rahul is also indicating that it should be implemented in the private sector. The Constitution has provided reservation for socially backward (due to caste discrimination) and educationally backward (not for economically backward classes) people to give Dalits and disadvantaged people a chance to advance. But should one make a case for structuring the entire society on the basis of caste, so that groups get benefits in proportion to their population? Corrective measures should be taken to correct historical wrongs, but there should also be balance and a middle path so that the society does not split due to conflict. That is why the Supreme Court had set a limit of 50 per cent for reservation, although many states have provided more reservation than this. First of all, when we are moving forward to give women their rights, Rahul Gandhi, Narendra Modi and other leaders are also realizing the aspirations of women and Scheduled Castes, Tribes, Other Backward Classes, then first let the political parties prove their sincerity. Let them bring 50 per cent women in their political organization. They should give them enough tickets to ensure that 50 per cent women (and more of them SCs, STs and OBCs) get elected to the Lok Sabha, Rajya Sabha and state assemblies and ensure adequate representation of women in the government. This is all in the hands of politicians who are talking so much about them. Second, Dalit, Adivasi and OBC women have not been able to make it to the Miss India contest due to lack of money and connections. This has more to do with class than caste. Beauty contests in India tend to highlight Western ideas of beauty than Indian ones. However, Rahul ignores this because he focuses on the lack of presence of SCs, STs and OBCs in every sphere of life. Rahul Gandhi—and this is true for the BJP and other parties as well—has rightly advocated reservation to uplift the socially oppressed. But interestingly, these parties are reluctant to accept the sub-categorisation suggested by the Supreme Court to extend the benefits of reservation to the more needy SCs and STs. Dominant castes do not want to share the benefits of reservation with their less fortunate brethren and political parties do not want to lose the votes of major groups of Scheduled Castes (such as the Jatavs). Clearly, Rahul Gandhi has decided to play the Mandal-2 card, and the demand for a caste census is part of that politics. He hopes to capitalise on the next phase of the aspirational revolution brewing among these emerging groups and become their voice. In 1990, Vishwanath Pratap Singh changed Indian politics forever by implementing the Mandal Commission report. Rajiv Gandhi had opposed that decision because he feared it could trigger a 'caste war'. But Rahul is going the other way. In the recent Lok Sabha elections, the Congress' caste card worked. It surprised the BJP. In the last ten years, Prime Minister Modi has brought a section of OBCs, especially extremely backward castes (EBCs), Adivasis and Dalits into the BJP, once known as a party of Bania-Brahmins. But fearing the end of reservation, a section of Dalits went to the All India Alliance camp and so did the EBCs in Uttar Pradesh. This deprived the BJP of a clear majority, due to which the party is facing difficulty in taking decisions and has to roll back many of its decisions.The party seems to have been uneasy about the unexpected results of 2024. The challenge before Modi-3 is not to lose strength; but to adopt a consultative way of functioning according to the new circumstances. Also, to bring back OBC-Dalits, who have gone to the other side. The Miss India controversy is another move by Rahul Gandhi on the political chessboard to mobilize Dalits, Adivasis and OBCs in favor of his party. It remains to be seen to what extent it will work. OBCs have not been the traditional voters of Congress in North India. It has been the vote bank of SP and RJD, which are allies of Congress today, who may feel threatened by this politics in the times to come.



# महिलाओं की सुरक्षा के लिए ठोस कानून बनाए सरकार...अधिवक्ताओं ने की निंदा

## पश्चिम बंगाल के आरजी कर मेडिकल कॉलेज की ट्रेनी डॉक्टर के साथ बर्बरता से दुष्कर्म कर हत्या की अधिवक्ताओं ने की निंदा, राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के अधिकारी को दिया





मुरादाबाद। पश्चिम बंगाल के आरजी कर मेडिकल कॉलेज की ट्रेनी डॉक्टर के साथ बर्बरता से दुष्कर्म कर हत्या की अधिवक्ताओं ने की निंदा की। कलेक्ट्रेट में एकत्रित अधिवक्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के अधिकारी को दिया। इसके माध्यम से दोषियों पर कड़ी कारवाई कर महिलाओं व बेटियों की सुरक्षा के लिए कड़ा कानून बनाने और उसे सख्ती से लागू करने की मांग का। वरिष्ठ अधिवक्ता शरमिताभ सिन्हा आदि के साथ अन्य अधिवक्ता एकत्रित होकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। यहां पश्चिम बंगाल के आरजी कर मेडिकल कॉलेज की ट्रेनी डाक्टर के साथ बर्बरता से दुष्कर्म कर हत्या की अधिवक्ताओं ने की निंदा करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रशासन के अधिकारी को दिया। इसके माध्यम से कहा कि चिकित्सा, शिक्षा, पुलिस, सेना व अन्य विभागों में लड़कियां व महिलाएं काम कर देश की तरक्की में अपनी भूमिका निभा रही हैं। लेकिन उनकी सुरक्षा को लेकर पुख्ता प्रबंध न होने से आए दिन उन्हें कार्यस्थल पर उत्पीड़न व शारीरिक हिंसा का शिकार होना पड़ रहा है। जिससे बेटी पढ़ाओ, बेटी बढ़ाओ व महिला सशक्तिकरण का नारा सार्थक नहीं हो पा रहा है।पश्चिम बंगाल में ट्रेनी महिला डाक्टर के साथ हुई दुष्कर्म व हत्या की घटना आज के सभ्य समाज पर कलंक है। इसके दोषियों को सख्त सजा दी जानी चाहिए और कार्यस्थल और सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की जाए। ज्ञापन देने वालों में वरिष्ठ अधिवक्ता शरमिताभ सिन्हा, श्वेता अग्रवाल, सहर कमाल, योगेंद्र कुमार, सौरभ चौधरी, रजत कुमार, मोहम्मद यासर, निकुंज, वीरेंद्र कुमार, शुमाइला मिर्जा, वीना सिन्हा, दीपिका वर्मा, समीक्षा अग्रवाल, गौहर अली, मुमताज अली, अनिल चौहान, अनीता टंडन, संजीव यादव, प्रद्युम्न सिंह, सीमा सिक्का, रमा पांडेय अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# मुरादाबाद रेल मंडल को मिली तीसरी वंदे भारत ट्रेन

मुरादाबाद। शनिवार को मुरादाबाद रेल मंडल को तीसरी वंदे भारत ट्रेन की सौगात मिली। यह ट्रेन मेरठ से चलकर मुरादाबाद और बरेली होते हुए लखनऊ पहुंचेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंडल की तीसरी वंदे भारत ट्रेन की वर्चुअल शुरुआत की। मेरठ में हरी झंडी दिखाने के बाद वंदे भारत ट्रेन दोपहर 2=50 मिनट बजे मुरादाबाद पहुंची। इससे पहले यहां रेलवे प्रशासन द्वारा स्कूली बच्चों से सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए गए। मुरादाबाद पहुंचने के बाद ट्रेन थोड़ी देर रुककर बरेली के लिए रवाना हो गई। बरेली से यह ट्रेन लखनऊ जाएगी। इस दौरान मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर मुरादाबाद की संसद रुचि वीरा, नगर विधायक रितेश कुमार गुप्ता, शिक्षक विधायक डॉ जयपाल सिंह व्यस्त, एमएलसी गोपाल अंजान, मंडल रेल प्रबंधक राजकुमार सिंह, सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता और सीनियर डीओएम अंजू सिंह सहित अन्य रेलवे अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे।



# SDM का बाबू 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार, अधिकारियों में अफरा-तफरी

मुरादाबाद। विजिलेंस टीम ने ठाकुरद्वारा से एसडीएम के बाबू सचिन शर्मा को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। बाबू रिश्वत के पैसों को टेबल के नीचे गिन रहे थे। इसी दौरान एक सप्ताह से ट्रैप कर रही बरेली रेंज की विजिलेंस टीम के हत्थे चढ़ गया। देखते ही देखते कार्यालय में मौजूद अन्य अधिकारियों में अफरा-तफरी मच गई। दिनभर जिले के प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मचा रहा है। काम कराने के एवज में 50 हजार रुपये रिश्वत लेने के मामले में विजिलेंस टीम को एक सप्ताह पहले शिकायत मिली थी। तभी से टीम ने ठाकुरद्वारा में डेरा डाल लिया। शनिवार सुबह शिकायतकर्ता एसडीएम के दफ्तर में पहुंचा और 50 हजार रपये की नकदी निकालकर बाबू सचिन को थमा दी। सचिन पैसे टेबल के नीचे हाथ लगाकर गिनने लगा। इसी दौरान टीम ने धर दबोचा। टीम सचिन को यहां से बरेली ले गई है।



# रिश्वत के खेल में फंसा वर्दीवाला: धाराएं बढ़ाने के नाम पर मांगे 50 हजार, थाने में तैनात हेड कांस्टेबल गिरफ्तार

मुरादाबाद। अमरोहा के रहरा में भ्रष्टाचार के आरोप में थाने में तैनात हेड कांस्टेबल को गिरफ्तार किया गया और साथ ही निलंबित किया गया है। मामले को गंभीरता से लेकर एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने पीड़ित देशपाल सिंह की तहरीर पर आरोपी हेड कांस्टेबल रवि कुमार के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करायामारपीट के मुकदमे में धाराओं की बढ़ोतरी नहीं होने देने के एवज में 50 हजार रुपये की रिश्वत लेने वाले हेड कांस्टेबल रवि कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। ये कार्रवाई जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद की गई है। आरोपी हेड कांस्टेबल मूलरूप से मुजफ्फरनगर का रहने वाला है। वर्ष 2011 बैच में यूपी पुलिस में सिपाही के पद पर भर्ती हुआ था। एसपी ने उसे निलंबित कर दिया है।ये मामला रहरा थाने से जुड़ा है। आदमपुर थानाक्षेत्र के ढेकला गांव में रहने वाले विजयपाल सिंह ने अपने ही गांव के सूगणपाल, श्रीचंद और तिलकवीर के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया था। घटना में विजयपाल सिंह को गंभीर चोट लगी थी। इस मुकदमे में मेडिकल के आधार पर धाराओं की बढ़ोतरी होनी थी।जबकि, मारपीट के आरोपियों की तरफ से होमगार्ड देशपाल सिंह पैरवी कर रहे थे। होमगार्ड देशपाल सिंह रहरा थाने में मदद मांगने पहुंचे तो यहां तैनात हेड कांस्टेबल रवि कुमार से उनकी बात हुई। आरोप है कि हेड कांस्टेबल रवि कुमार ने मुकदमे में हत्या की कोशिश अन्य धाराओं की बढ़ोतरी नहीं होने देने की बात कहते हुए 50 हजार रुपये की रिश्वत ली थी। बावजूद इसके आरोपी सूगणपाल, श्री चंद और तिलक वीर के खिलाफ जांच अधिकारी राकेश कुमार बंसल ने मेडिकल के आधार पर धारा 308 व 325 की बढ़ोतरी कर दी। जब ये बात देशपाल सिंह को पता चली तो उन्होंने हेड कांस्टेबल रवि कुमार से अपने रुपये वापस मांगे। आरोप है कि हेड कांस्टेबल रवि कुमार ने रुपये देने से मना कर दिया। पीड़ित देशपाल सिंह ने मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से की तो 26 अगस्त 2024 को उसने 20 हजार रुपये वापस कर दिए। जबकि, बकाया 30 हजार रुपये देने से इनकार कर दिया। इतना ही नहीं बकाया रुपये मांगने पर झूठे मुकदमा में फंसने की धमकी दी। सिपाही की करतूत से परेशान होकर देशपाल सिंह ने मामले की शिकायत एसपी कुंवर अनुपम सिंह से की। उन्होंने पूरे मामले की जांच कराई। जिसमें हेड कांस्टेबल रवि कुमार पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप ही पाए गए। मामले को गंभीरता से लेकर एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने पीड़ित देशपाल सिंह की तहरीर पर आरोपी हेड कांस्टेबल रवि कुमार के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया और तुरंत उसे गिरफ्तार कर लिया। बाद में पुलिस ने भ्रष्टाचार के आरोपी हेड कांस्टेबल रवि कुमार को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। मारपीट के मुकदमे में धाराओं की बढ़ोतरी नहीं होने की एवज में हेड कांस्टेबल रवि कुमार पर 50 हजार रुपये लेने के आरोप लगे थे। मामले की जांच कराई गई तो आरोप सही पाए गए। जिसके आधार पर हेड कांस्टेबल रवि कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके जेल भेज दिया गया है। निलंबित कर उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है। भ्रष्टाचार व ड्यूटी में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।- कुंवर अनुपम सिंह, एसपी अमरोहा इन धाराओं में दर्ज हुई थी रिपोर्ट- पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक सूगणपाल, श्रीचंद और तिलकवीर के खिलाफ 6 मार्च 2024 को रहरा थाने में आईपीसी की धारा 223, 504, 506 और 324 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। जबकि होमगार्ड देशपाल सिंह की हेड कांस्टेबल रवि कुमार से मुकदमे में धारा 308, 307 व 325 की बढ़ोतरी नहीं होने की बात तय हुई थी। मुकदमे में इन तीनों धाराओं की बढ़ोतरी नहीं होने की बात कहकर हेड कांस्टेबल रवि कुमार ने 50 हजार रुपये की रिश्वत ली थी। लेकिन, विवेचक ने मेडिकल के आधार पर धारा 308 और 325 की बढ़ोतरी कर दी। जिसके बाद भ्रष्टाचार के पूरे मामले का खुलासा हुआ।






## संक्षिप्त समाचार

# लव जिहाद का शिकार हुई युवती, तंत्र विद्या कर किया दुष्कम...धर्मांतरण से इनकार पर गर्भपात कराकर छोड़ा

दिल्ली की एक युवती लव जिहाद का शिकार हो गई। युवती के दोस्त के मोबाइल से नंबर चुराकर युवक ने पहले फोन पर दोस्ती की...फिर बात शादी तक पहुंच गई। बातों ही बातों एक-दूसरे से प्यार हो गया। इसके बाद युवक ने तंत्र विद्या कर युवती के साथ दुष्कर्म किया। गर्भवती होने पर युवक धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने लगा। विरोध करने पर युवक ने गर्भपात कराकर युवती को छोड़ दिया। पीड़िता ने मामले में एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है। दिल्ली के निजामुद्दीन की रहने वाली युवती ने दी तहरीर में बताया कि दो साल पहले उसके पास मूंढापांडे के गांव खानपुर लक्खी निवासी नावेद का फोन आया था। नावेद ने युवती के दोस्त के मोबाइल से नंबर चुराकर फोन किया था। दोनों फोन पर बातचीत करने लगे। इसी बीच युवक ने तंत्र विद्या करके युवती को प्रेमजाल में फंसा लिया। आरोप है कि शादी का झांसा देकर युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसी दौरान अश्लील फोटो और वीडियो बना ली। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर नावेद एक साल तक शारीरिक संबंध बनाता रहा। इसके बाद युवती ने शादी करने को कहा। आरोप है फिर से अश्लील फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देकर युवती पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उससे साथ शादी करने से इनकार कर दिया। पीड़िता के कहने पर नावेद कोर्ट मैरिज के लिए भी टालमटोल करने लगा। आरोपी की हरकतों से तंग आकर पीड़िता ने उसके घरवालों से संपर्क किया। तो आरोपी की बहन गुलिस्ता, चाचा-चाची तीनों पीड़िता का धर्म परिवर्तन कराकर शादी की बात कहने लगे। इसी बीच लव जिहाद में फंसकर युवती गर्भवती हो गई। आरोप है कि नावेद ने पीड़िता के साथ जबरदस्ती करके उसका गर्भपात करा दिया। बीती 14 अगस्त को पीड़िता ने नावेद को मिलने के लिए बुलाया। उसने मिलने से मना कर दिया। इसके बाद फोन बंद कर लिया। परेशान होकर पीड़िता ने नावेद के परिजनों को फोन किया। आरोप है कि नावेद के परिजनों ने फोन पर गाली गलौज की। पुलिस से शिकायत करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। जान की सुरक्षा के लिए पीड़िता ने एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है। एसएसपी ने संबंधित थाने को आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# नर्स से दुष्कर्म के आरोपी एबीएम अस्पताल के संचालक का भाई गिरफ्तार, सबूत मिटाने के लिए हटा दी थी डीवीआर

नगर के एबीएम अस्पताल में नर्स से दुष्कर्म की घटना का खुलासा होने पर सबूत मिटाने के लिए सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर ही गायब कर दी गई थी। पुलिस घटना की जांच के लिए कैमरों की फुटेज लेने पहुंची तो डीवीआर नहीं मिली। नगर में कमालपुरी रोड पर शनिवार को पुलिस ने आरोपी चिकित्सक शाहनवाज के छोटे भाई फैजान को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उसने डीवीआर हटाने की बात स्वीकार कर बरामद करा दी है। पुलिस ने फैजान को भी सह आरोपी बनाकर उसका चालान कर दिया। फैजान अस्पताल में मेडिकल स्टोर चलाता था। नगर के तिकोनिया बस स्टैंड स्थित एबीएम अस्पताल में संचालक शाहनवाज ने नर्स मेहनाज और वार्ड बॉय जुनैद की मदद से 17 अगस्त की रात नर्स को बंधक बनाकर दुष्कर्म किया था। अगले दिन पीड़ित नर्स के पिता की तहरीर पर पुलिस ने शाहनवाज समेत तीनों के खिलाफ दुष्कर्म और एससी-एसटी अधिनिमन की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया था। अब तीनों आरोपी जेल में हैं। इसके बाद एसडीएम और सीओ ने स्वास्थ्य अधिकारियों की मौजूदगी में अस्पताल को सील करा दिया था। इससे पूर्व ही सीसीटीवी कैमरों की रिकार्डिंग गायब करने के मकसद से मौके से डीवीआर हटा दी गई। घटना की जांच कर रहे पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार ने साक्ष्य जुटाने के लिए अस्पताल में जाकर कैमरों की फुटेज लेने का प्रयास किया तो डीवीआर नहीं मिली थी। उन्होंने आरोपी शाहनवाज के भाई फैजान को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने डीवीआर हटाकर छुपाना कबूल किया। पुलिस उसे लेकर अस्पताल में घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने डीवीआर लगवाकर रिकॉर्डिंग को सुरक्षित किया। सीओ राजेश कुमार ने बताया कि फैजान की निशानदही पर डीवीआर बरामद कर ली है। उसमें घटना से संबंधित रिकाडिंग सुरक्षित मिली है। रिकार्डिंग के आधार पर आगे की जांच की जाएगी। साक्ष्य मिटाने की धाराओं में फैजान को सह अभियुक्त बनाया गया है। न्यायालय ने फैजान को जेल भेज दिया है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# सिहाली खद्दर में नाले साफ न होने से सेकड़ो बीघा फसल हुई नष्ट किसानो ने किया प्रदर्शन

क्यूँ न लिखूँ सच -यूनुस सलमानी

मुरादाबाद / डिलारी - सिहाली खद्दर में नाले साफ न होने से सेकड़ो बीघा फसल हुई नष्ट किसानो ने प्रदर्शन किया बरसाती नाला अवरूद्ध होने से किसानों की सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न हो गई है किसानों ने प्रशासन से पानी निकासी सुचारू करने की मांग की है जनपद मुरादाबाद के विकास खण्ड डिलारी के गांव सिहाली खद्दर में नाले साफ न होने से सेकड़ो बीघा फसल बर्बाद हो गयी है



जिस पर आज किसानो ने किया धरना प्रदर्शन किया गांव सिहाली खद्दर के खेतो से होकर गांव में गुजर रहे बरसाती नाले की सफाई न होने के कारण हुई बरसात से किसानो के खेत पानी से लबालब भरा हुऐ है।नाले से पानी निकासी बंद होने से सिहाली खद्दर गांव के किसानों की सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न है किसान मोहम्मद बारिस , नफीस अहमद , बुंदू , सरफराज , यूनुस , हबीब , अजहर खान , इवने हसन आदि किसानों की सैकड़ों बीघा गेहूं व गन्ने की सैकड़ों बीघा जमीन जलमग्न हैं पीड़ित किसानों का कहना है कि पहले तो बरसात में फसल तबाह हो गई अब नाले अटा होने से पानी की निकासी बंद पड़ी है जबकि किसानो ने बताया की इसकी शिकायत हमने कई बार की है और अब हमने तहसील दिवस में भी एक प्रार्थन पत्र दिया परन्तु हमारी कोई सुनवाई नहीं हुई खेतो में पानी भराव से फसल बर्बाद हो गयी है। किसानों ने प्रशासन से पानी निकासी कराने की मांग की है। वही जब ठाकुरद्वारा तहसील दार जी से इस संबन्ध में बात की गयी तो उन्होंने बताया की यह मामला मेरे संज्ञान में नहीं है वही गांव के सभी किसानो ने प्रशासन से पानी निकासी कराने की मांग की है और कहा है की अगर हमरी कोई सुनवाई नहीं होती है तो हम गांव के किसान जिले पर धरना प्रदर्शन करेंगे।

# डीएम व एसपी ने किया पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

क्यूँ न लिखूँ सच -पवन कुमार

उरई- यूपी पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के पांचवे और आखिरी दिन जिलाधिकारी राजेश कुमार



पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ0 दुर्गेश कुमार ने यूपी पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के केंद्रों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने छत्रसाल इण्टर कॉलेज जालौन सहित विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण कर वहां की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया व आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण के दौरान वहां सीसीटीवी कैमरो की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, प्रवेश व निकासी व्यवस्था सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरो की निगरानी के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया तथा सीसीटीवी से की जा रही निगरानी को भी देखा। जिलाधिकारी ने कहा की परीक्षा को सुचिता पूर्ण, निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से सम्पन्न हुई। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर प्रशासन एवं पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम के बीच सकुशल परीक्षा संपन्न हो गई है

# स्पा में जिस्मफरोशी की मंडी... ऐसे हाल में थीं 13 महिलाएं और युवतियां; विदेशी युवती भी मिली; चौंक गई पुलिस

यूपी के इस जिले में स्पा सेंटरों में जिस्मफरोशी का धंधा चल रहा है। पुलिस ने एक मॉल में स्पा सेंटरों में छापा मारा तो वहां13 महिलाएं और युवतियां समेत 20 लोग मिले। इनमें एक युवती विदेशी भी थी। प्रयागराज के सिविल लाइंस में रोडवेज बस अड्डे के ठीक बगल स्थित मॉल में स्पा सेंटर की आड़ में सेक्स रैकेट की सूचना पर शुक्रवार शाम छापा मारा गया। एक वीडियो वायरल होने के बाद मारे गए छापे में चार स्पा सेंटरों से 13 महिलाओं व युवतियों समेत 20 लोग हिरासत में लिए गए। इनमें से एक महिला संचालक व दो मैनेजर भी शामिल हैं। तीन स्पा सेंटरों के संचालकों की देर रात तक तलाश चलती रही। वहीं चारों स्पा सेंटरों को सील कर दिया गया है। शुक्रवार शाम साढ़े तीन बजे के करीब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर प्रयागराज पुलिस को टैग करते हुए एक यूजर ने ट्वीट कर आरोप लगाया कि सिविल लाइंस में स्पा सेंटर की आड़ में सेक्स रैकेट चलाए जा रहे हैं। इनमें विदेशी मूल की महिलाओं को भी रखा गया है। ट्वीट में एक वीडियो भी पोस्ट किया गया जिसे स्पा सेंटर का बताया गया। इसमें वीडियो बनाने वाले युवक की कुछ लोगों से नोकझोंक की बात सुनाई देती है और एक विदेशी समेत कुछ महिलाएं भी दिखती हैं। ट्वीट की जानकारी अफसरों तक पहुंची तो हड़कंप मच गया और इसके बाद देर शाम रोडवेज बस अड्डे के ठीक बगल स्थित पी स्क्वॉयर मॉल में छापा मारा गया। यहां चार स्पा सेंटरों में पुलिस के पहुंचते ही अफरातफरी मच गई। इस दौरान अन्य लोग भाग निकले जबकि 13 महिलाओं व युवतियों समेत 20 लोग हिरासत में ले लिए गए। इनमें से एक नाइजीरियन मूल की भी महिला शामिल है। पकड़ी गई महिलाओं में से एक ने खुद को स्पा सेंटर संचालक बताया जबकि पुरुषों में से दो ने बताया कि वह अलग-अलग स्पा सेंटरों के मैनेजर हैं। चारों स्पा सेंटर सील करते हुए हिरासत में लिए गए लोगों को थाने लाया गया।

# 106 उर्से रज़वी जामियातुर्रजा मे बड़ी धूम धाम से मनाया गया

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली। बरेली में उर्स की सभी रस्में दरगाह ताजुशारिया और मदरसा जामियातुर रज़ा में काज़ी-ए-हिन्दुस्तान मुफ्ती मोहम्मद असजद रज़ा खां कादरी की सरपरस्ती व सदारत में अदा की गयी द्य उन्होंने हुकूमत से मुतालबा किया कि जो भी पैगंबरे इस्लाम की शान में गुस्ताखी करता है उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करे जिससे कोई भी इंसान दोबारा गुस्ताख़ी ना करे।हुज़ूर काईद ए मिल्लत मुफ़्ती मुहम्मद असजद रज़ा खान क़ादरी की सरपरस्ती व सरदार में सुन्नी बरेलवी मसलक के पेशवा आला हज़रत इमाम अहमद रज़ा खान क़ादरी का 106 वॉ उर्स-ए-रज़वी मथुरापुर स्थित इस्लामिक स्टडी सेण्टर जामिआतुर्रज़ा में बड़ी शान व शौकत से मनाया गया।उलेमा की तक़रीरे हुई जिसमे कालपी शरीफ से



आए सय्याद गियासे मिल्लत ने फरमाया कि कल भी बरेली शरीफ मरकज़ था और आज भी मरकज़ है और कल क़यामत तक मरकज़ रहेगा हम किसी मनमानी की नहीं मानते हम सिर्फ काजी ए हिन्दुस्तान मुफ्ती मुहम्मद असजद रजा़ खां का़दरी को अपना रहबर वा काईद मानते हैं।मुफ़्ती शहज़ाद आलम मिस्बाही साहब ने अपनी तक़रीर में कहा कि नाम निहाद मौलाई बातिल अकीदा रखने वालो नेआला हज़रत के खिलाफ़ सुन्नी मुसलमानों को बहका रहे हैं और आला हज़रत के दुश्मन बना रहे हैं। इनके अलावा मुफ्ती अफ़ज़ल रज़वी साहब ने आला हज़रत के तक़वे व फतवों पर बयान किया उन्होंने बताया कि आला हज़रात ने ज़िन्दगी भर गुस्ताख़े रसूल का रद किया और लोगों को इसके रसूल का दर्स व लोगो के दिलों में इसके रसूल की शाम जलाते रहे, जिससे आपको दुनियाभर में लोग आशिके रसूल से जानते हैं। जिससे आपके अकीदतमंदों ने उर्से रज़वी दुनियाभर में खासकर दुबई, यू0 के0,अमरीका, हॉलेंड, मलावी, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, आदि देशो में सुना गया।जिसमें मुख्य रूप से डॉ मेहँदी हसन, हाफिज इकराम, शमीम अहमद, मोईन खान, अब्दुल्लाह खान, मौलाना शम्स, नदीम सोभानी, समरान खान, आबिद नूरी, कारी वसीम, कौसर अली, यासीन खान, सय्यद रिज़्वान, अब्दुल सलाम, गुलाम हुसैन, दन्नी अंसारी आदि लोग मौजूद रहे

# भाजपा मंडल ओड़गी की सदस्यता अभियान को लेकर शक्ति केन्द्र के समस्त पोलिंग बूथों पर बैठक सम्पन्न

## छतरंग जैसे दूरस्थ शक्ति केन्द्रों पर पहुंचे प्रभारी

क्यूँ न लिखूँ सच

ओड़गी -भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान 2024 की कार्य योजना बनाने हेतु शनिवार को जिले के ओड़गी मंडल के सभी शक्ति केन्द्रों में बैठक सम्पन्न हुई.इस अवसर ओड़गी मंडल के शक्ति केन्द ओड़गी, कुदरगढ़, चपदा,धरसेड़ी,बांक,लांजित, बेदमी, टमकी, छतरंग,चेंद्रा, पकनी, रैसरा , भांडी , व दवना के समस्त पोलिंग बूथों पर बनाएं गए बूथ प्रभारियों ने अधिक से अधिक सदस्यता कराने हेतु भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों को कार्य योजना बनाने हेतु मार्गदर्शन दिया गया. बूथ प्रभारियों ने बताया कि आगामी 2 सितंबर को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



भाजपा की सदस्यता मिस कॉल के माध्यम से ग्रहण करेंगे व सदस्यता अभियान 2024 का शुभारंभ करेंगे.इसी क्रम में 5 सितंबर से भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा भारतीय जनता पार्टी द्वारा सदस्यता हेतु जारी नंबर 8800002024 पर मिस कॉल करके आमजनों द्वारा भी भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता एसएमएस द्वारा प्राप्त लिंक के माध्यम से अपनी जानकारी



भरके ली जा सकती हैं. इस मौके पर ओड़गी मंडल के दूरस्थ शक्ति केन्द्रों पर भाजपा महामंत्री प्रवीण गुर्जर, कोषाध्यक्ष संधारी यादव,किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष शिवकुमार राजवाड़े, अजजा महामंत्री बृजेश काशी, जगदेव यादव, प्रियंशु यादव, जितेन्द्र यादव, सहदेव, रावेन्द्र गुर्जर, विनोद, अरविंद देवांगन व समस्त पोलिंग बूथ प्रभारी, पदाधिकारी , भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें.

# कान्हा की छठी द्वारकाधीश निवास में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया

क्यूँ न लिखूँ सच -शिव कुमार मिश्र

रीवा भगवान कृष्ण की जन्माष्टमी का पर्व 26 अगस्त को पूरे देश में विधि-विधान से मनाया गया है। भगवान कृष्ण का पूजन वैष्णव परम्परा के अनुसार किया जाता है। इसी परम्परा के अनुसार भगवान कृष्ण के जन्म के छठे दिन उनकी छठी मनाई जाने की भी परम्परा है आपकों अवगत कराते चलें कि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद प्रदीप कुमार तिवारी के यहा रीवा वार्ड नंबर 26 छत्रपति नगर बड़े ही धूमधाम से छठी मनाया गया इस वर्ष कृष्ण जी की छठी का



पूजन 31 अगस्त, 2024 दिन शनिवार को मनाया जा रहा हैं जो भी लोग जन्माष्टमी के दिन भगवान कृष्ण का जन्म करवाते हैं और विधि पूर्वक लड्डू गोपाल का पूजन करते हैं वो जन्माष्टमी के छठे दिन कृष्ण छठी का भी पूजन करते हैं कृष्ण जन्माष्टमी की पूजा के छठे दिन भगवान कृष्ण की छठी का पूजन किया जाता है। इस दिन प्रातः स्नान आदि से निवृत्त होकर लड्डू गोपाल को पंचामृत से स्नान कराना चाहिए। इसके लिए लड्डू गोपाल को एक पात्र में रख कर बारी-बारी से दूध, दही, घी, शहद और गंगा जल से स्नान कराया जाता है। इसके बाद उन्हें नये वस्त्र पहनाकर लाल रंग के आसन पर स्थापित करें। इसके बाद भगवान को रोली या पीले चंदन से टीका लगा कर, धूप, दीप और नैवेद्य अर्पित करें। भगवान कृष्ण को माखन मिश्री का भोग लगाएं और तुलसी दल अवश्य चढ़ाएं मान्यता है कि भगवान कृष्ण का नामकरण छठी के दिन किया जाता है। परम्परा है कि भगवान कृष्ण के अंनत नामों कृष्ण, मोहन, नंदलाल, यशोदानंदन, देवकीनंदन, मुरारी, लड्डू गोपाल, ठाकुर जी, कान्हा, माधव आदि में से कोई एक प्रिय नाम चुन कर इस नाम से ही उन्हें बुलाना चाहिए इस दिन घर में खाने के लिए कढ़ी चावल खाना शुभ माना जाता है। इस दिन आपको भी पीले वस्त्र ही पहनने चाहिए, भगवान कृष्ण को पीला रंग विशेष रूप से प्रिय है। भगवान कृष्ण की छठी का पूजन करने से जन्माष्टमी की पूजा पूरी होती है तथा आपकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं आपको अवगत कराते चलें कि रीवा वार्ड नंबर 24?? की पूर्व पार्षद भाजपा अर्चना मिश्रा के साथ साथ कालोनी की कई महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

# गारमेंट्स की दुकान में लगी भीषण आग, लाखों का हुआ नुकसान

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविंद शुक्ला

फर्रुखाबाद । सॉर्ट सर्किट से राम गारमेंट्स की दुकान में लगी भीषण आग लग गई, लाखों का सामान जलकर राख हो गया आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां मौके पर पहुंच गई । गारमेंट्स की दुकान पर दूसरी मंजिल पर बनी गोदाम में लगी भीषण आग लगने के बाद , फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग बुझाने में लग गई गारमेंट्स की दुकान में आग



लगने से नेहरू रोड पर मची अपरा तफरी, मच गई जिससे यातायात बाधित हो गया सुबह दुकान खोलने के बाद करीब 10-30 बजे लगी आग, लगने की जानकारी मिलने पर दुकान मालिक मुकुल रस्तोगी ने बाल्टी से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया देखते ही देखते आग में विकराल रूप धारण कर लिया, और दुकान मालिक आग बुझाने में नाकाम रहे इसके बाद दुकान मालिक मुकुल रस्तोगी ने आग लगने की सूचना अग्निशमन विभाग को दी घटना की जानकारी मिलने पर चंद मिनटों में फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां मौके पर आ गई और दूसरी मंजिल पर गारमेंट्स की गोदाम में लगी भीषण आग को बुझाने में फायर ब्रिगेड कर्मी जुटे गये गारमेंट्स दुकानदार ने बताया कि करीब 15 से 20 लाख रुपए का अभी तक नुकसान हो चुका है चारों गाड़ियों में पानी अचानक पानी खत्म हो जाने के कारण पानी भरने के लिए गाड़ी चली गई और मौके पर गारमेंट्स की दुकान में लगी को लगातार वहां पर मौजूद लोग लगी आग को बुझाते रहे। फर्रुखाबाद कोतवाली क्षेत्र में नेहरू रोड पर स्थित राम गारमेंट्स का मामला

# एकेटीयू : 120 करोड़ की ठगी का सूत्रधार गिरफ्तार, फर्जी वेबसाइटों का किया गया जरिये रचा था जाल

